**SET NO- 2**

**Roll No.** | | | | | | | |

Candidates must write the Set No. on the title page of the answer book.

# DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE

## PERIODIC ASSESSMENT-II (2023-24)

- Please check that this question paper contains 12 printed pages.
- Set number given on the righthand side of the question paper should be written on the title page of the answer book by the candidate.
- Check that this question paper contains 18 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed 15 minutes prior to the commencement of the examination. The students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.

## CLASS- X

## SUBJECT: HINDI (COURSE-B)

**Time Allowed: 3 Hours** **Maximum Marks: 80**

सामान्य निर्देश :-

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड ‘अ’ और खंड ‘ब’ ।
- खंड ‘अ’ में कुल 45 वस्तुपरक प्रश्न हैं जिनमें से 40 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे ।
- खंड ‘ब’ में वर्णनात्मक प्रश्न हैं, आतंरिक विकल्प दिए गए हैं, जिनके लिए 40 अंक निर्धारित किए गए हैं ।
- दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।

**<u>(खंड - 'अ' - वस्तुपरक प्रश्न)</u>**

**(अपठित गद्यांश)**

प्र.1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)

भारत में जाति-व्यवस्था की जड़ें बहुत गहरी हैं। इतिहास में एक समय कभी ऐसा आया होगा जब जाति-व्यवस्था ने जन्म लेकर समाज को एक गतिमान स्वरुप प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाई होगी। जातियों का निर्माण एक दिन में नहीं हुआ होगा। न जाने कितने समय तक संघर्ष करने के बाद विचारकों ने इसे जन्म दिया होगा। किंतु आज यह व्यवस्था राष्ट्र के लिए भार बन गई है। यह राष्ट्र विकास के पथ में विषबेल की तरह बिछी हुई है तथा पूरा देश जाति-संघर्ष की आग में झुलस रहा है। भ्रष्ट और सत्तालोलुप राजनीति में लिप्त लोगों ने जर्जर होती हुई दीवारों में सीमेंट लगाने का काम किया है, वरना तो स्वाधीनता की लड़ाई में जाति-भेद ही नहीं, सांप्रदायिक भेदभाव भी अपने कटु स्वरुप को मिटा चुका था।

आज भारतीय समाज जातियों के कठघरों में कैद है। हर जाति में अन्य जातियों पर शासन करने की, उन्हें नीचा दिखने की प्रवृत्ति उग्र-रूप धारण कर चुकी है। जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र अछूता नहीं बचा है, जहाँ जाति-भेद दिखाई न देता हो। कुछ गिने-चुने मनीषी और विचारक अवश्य चिंतित हैं, लेकिन उनकी सुनता कौन है? वोट की राजनीति ने ऐसा विकराल रूप धारण कर लिया है कि जाति-भेद का विरोध करने वाले किसी कोने में पड़े राष्ट्र की दुर्दशा पर आँसू बहा रहे हैं। प्रकृति ने भारत को एक ऐसी सुरक्षा-रेखा में बाँध रखा है कि वह अखंड बना हुआ है, नहीं तो इस जाति-भेद में पूरे समाज को अनेक खंडों में विभक्त कर दिया है। धर्म और शिक्षा जैसे पावन क्षेत्रों तक जाति-भेद ने अपने पाँव पसार लिए हैं। उसे राजनीति का संबल जो प्राप्त हो गया है। आज अगर राजनीति के जातिगत आधार को तोड़ दिया जाए तो जाति-भेद को नष्ट करने में बहुत सहायता मिल सकती है।

(क) जीवन का ऐसा कौन-सा क्षेत्र है, जो जाति व्यवस्था से अछूता बचा है?

(i) शिक्षा (ii) राजनीति
(iii) धर्म (iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) राष्ट्र विकास के मार्ग में विषबेल के समान किसे माना गया है?

(i) राजनीति को (ii) इतिहास को
(iii) जाति-व्यवस्था को (iv) धार्मिक स्वतंत्रता को

(ग) स्वाधीनता संघर्ष के समय जाति-भेद की क्या स्थिति थी?

(i) जाति-भेद अपने चरम पर था।
(ii) जाति-भेद ने अपने पाँव जमाने आरंभ कर दिए थे।
(iii) जाति-भेद हिंसक रूप धारण कर चूका था।
(iv) जाति-भेद का कटु स्वरुप मिट चुका था।

(घ) जाति-भेद का विरोध करने वालों की क्या स्थिति है?

(i) राष्ट्र की दुर्दशा पर आँसू बहा रहे हैं।

(ii) राष्ट्र को इस संकट से उबार रहे हैं।

(iii) राष्ट्र में जातिवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

(iv) राजनीतिज्ञों से सुधार की उम्मीद कर रहे हैं।

(ङ) कथन(A) जाति-भेद को राजनीति का सहारा मिलता है।

कारण(R) जाति-भेद ने शिक्षा और धर्म जैसे क्षेत्रों में भी अपने पाँव पसार लिए हैं।

(i) कथन(A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ii) कथन(A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(iii) कथन(A) सही है, किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(iv) कथन(A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है। `

प्र.2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)

शिक्षा किसी भी देश की विकास प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है इसलिए मानव समाज में इसे उच्च प्राथमिकता दी गई है। शिक्षा से तात्पर्य है- शक्ति को ग्रहण कर मनुष्य द्वारा सही अर्थ में अपनी क्षमताओं का उपयोग करना सीखना, अज्ञान के अंधकार से निकलकर ज्ञान के प्रकाश की ओर बढ़ना। शिक्षा द्वारा ही ज्ञान और अज्ञान के मध्य अंतर को समझकर मनुष्य सही दिशा की ओर बढ़ता है तथा सम्यक ज्ञान के प्रकाश में जीवन का सर्वांगीण विकास कर पाता है, परंतु जब समुचित विकास का मार्ग अवरुद्ध प्रतीत होता है, तब ऐसा समझना बिलकुल तर्कपूर्ण है कि प्रचलित शिक्षा प्रणाली दोषपूर्ण है।

ऐसी स्थिति में शिक्षा नीति में सुधार करना अनिवार्य हो जाता है। पाश्चात्य शिक्षा पद्धति का अनुकरण करने के कारण हम अपनी शिक्षा और संस्कृति को भूल रहे हैं और नैतिकता के पतन की ओर अग्रसर हैं। प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता यह मानी जाती है कि वह नीतियों से परिपूर्ण थी। नीति अर्थात सही दिशा-निर्देश, ये मनुष्य के ऊपर उठने का, आगे बढ़ने का सबसे बड़ा माध्यम होते हैं। शिक्षा मनुष्य का सम्यक उत्थान करती है। नीति भी मूल रूप से शिष्ट आचरण का ही दिशा-निर्देश करती है। इस प्रकार शिक्षा और नीति का मुख्य उद्देश्य एक ही है।

(क) शिक्षा का व्यक्ति पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(i) व्यक्ति अज्ञान के अंधकार से निकलकर ज्ञान के प्रकाश में आता है।

(ii) व्यक्ति का विकास अवरुद्ध होता है।

(iii) व्यक्ति अपनी योग्यताओं का उपयोग नहीं कर पाता।

(iv) पाश्चात्य शिक्षा से ही हम विवेकशील हो सकते हैं।

(ख) पाश्चात्य शिक्षा पद्धति ने मनुष्य पर क्या प्रभाव डाला है?

(i) मनुष्य के उत्थान में सहायक है।

(ii) मनुष्य नैतिकता के पतन की ओर जा रहा है।

(iii) मनुष्य का नैतिक विकास करती है।

(iv) शिष्ट आचरण करने पर बल देती है।

(ग) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(i) शिक्षा मनुष्य का सर्वांगीण विकास करती है।

(ii) शिक्षा द्वारा ही मनुष्य ज्ञान और अज्ञान के मध्य का अंतर समझता है।

(iii) शिक्षा और नीति एक दूसरे से भिन्न हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं

(क) केवल (i) (ख) केवल (ii)

(ग) केवल (i) और (ii) (घ) केवल (i) और (iii)

(घ) भारतीय शिक्षा पद्धति की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता क्या है?

(i) पाश्चात्य शिक्षा पद्धति का अनुसरण करती है।

(ii) भारतीय शिक्षा पद्धति नीतियों से परिपूर्ण है।

(iii) अशिष्ट आचरण पर बल देती है।

(iv) व्यक्ति के नैतिक एवं सांस्कृतिक गुणों का हास करती है।

(ङ) शिक्षा नीति कब दोषपूर्ण कहलाती है?

(i) जब वह व्यक्ति के नैतिक गुणों का विकास करती है।

(ii) जब वह व्यक्ति का सम्यक उत्थान करती है।

(iii) जब वह मनुष्य के समुचित विकास का मार्ग अवरुद्ध करती है।

(iv) जब वह शिष्ट आचरण का ही दिशा-निर्देश करती है।

## <u>व्यावहारिक व्याकरण</u>

प्र.3. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पद किस पदबंध के उदाहरण हैं? किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

(i) <u>अयोध्या के राजा दशरथ</u> के चार पुत्र थे।

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) क्रिया पदबंध

(ग) क्रियाविशेषण पदबंध

(घ) सर्वनाम पदबंध

(ii) देश के सैनिक मातृभूमि की रक्षा के लिए जान <u>न्योछावर कर देते हैं ।</u>

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) क्रिया पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध

(घ) सर्वनाम पदबंध

(iii) 'तीसरी कसम' फ़िल्म को राष्ट्रपति द्वारा <u>स्वर्ण पदक</u> मिला।

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) क्रिया पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध

(घ) सर्वनाम पदबंध

(iv) <u>विरोध करने वाले व्यक्तियों में से कोई</u> नहीं आया।

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) क्रिया पदबंध

(ग) क्रियाविशेषण पदबंध

(घ) सर्वनाम पदबंध

(v) अरुणिमा <u>धीरे-धीरे चलते</u> हुए वहाँ जा पहुँची।

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) क्रिया पदबंध

(ग) क्रियाविशेषण पदबंध

(घ) सर्वनाम पदबंध

प्र.4. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

(i) मोहन खाना खाकर सो गया। 'रचना के आधार पर यह किस प्रकार का वाक्य है?'

(क) सरल वाक्य

(ख) जटिल वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य

(घ) मिश्र वाक्य

(ii) यदि आप झूठ बोलते हैं तो आप झूठे हैं।- इसका संयुक्त वाक्य बनेगा-

(क) आप झूठे हैं, तो आप झूठ बोलते हैं।

(ख) आप झूठ बोलते हैं, इसलिए आप झूठे हैं।

(ग) जब आप झूठ बोलते हैं, तब आप झूठे होते हैं।

(घ) आपके झूठे होने के कारण झूठ बोलना है।

(iii) निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है -

(क) विद्यार्थी परिश्रमी होता है और अवश्य सफल होता है।

(ख) जो विद्यार्थी परिश्रमी होता है, वह अवश्य सफल होता है।

(ग) परिश्रम करने वाला विद्यार्थी सफल होता है।

(घ) विद्यार्थी सफल होता है।

(iv) निम्नलिखित में सरल वाक्य है -

(क) जब संकट आता है तब वह घबराता नहीं है

(ख) वह व्यक्ति साहसी है अत: संकट में घबराता नहीं है

(ग) जो व्यक्ति साहसी होते हैं वे संकट में घबराते नहीं हैं

(घ) साहसी व्यक्ति संकट में घबराते नहीं हैं

(v) मज़दूर को अपनी मेहनत का लाभ नहीं मिलता। - इसका संयुक्त वाक्य होगा-

(क) जो मज़दूर मेहनत करता है उसको लाभ मिलता है।

(ख) मज़दूर मेहनत करता है परंतु उसका लाभ उसे नहीं मिलता है।

(ग) मेहनत करने वाले मज़दूर को लाभ नहीं मिलता है।

(घ) यदि मज़दूर मेहनत करता तो उसे लाभ अवश्य मिलता है।

प्र.5. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1x4=4)

(i) 'धर्मभ्रष्ट' -शब्द में कौन-सा समास है?

(क) द्विगु समास

(ख) द्वंद्व समास

(ग) बहुव्रीहि समास

(घ) तत्पुरुष समास

(ii) 'हाथोंहाथ'- समस्त पद का विग्रह होगा -

(क) हाथ और हाथ

(ख) हाथ ही हाथ में

(ग) हाथों के लिए हाथ

(घ) हाथ हाथ

(iii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-

| समस्त पद | समास |
|---|---|
| (i) आरोग्य | (i) अव्ययीभाव समास |
| (ii) परलोकगमन | (ii) बहुव्रीहि समास |
| (iii) नीलकमल | (iii) कर्मधारय समास |
| (iv) चक्रधर | (iv) द्विगु समास |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन- से सही सुमेलित हैं-

(क) i और ii (ख) i और iii

(ग) ii और iv (घ) iii और iv

(iv) 'सतसई' समस्तपद का विग्रह है -

(क) सत और सई

(ख) सात है जो सई

(ग) सात सौ दोहों का समाहार

(घ) सात ऋषियों का समूह

(v) 'चंद्रशेखर' -शब्द में कौन-सा समास है?

(क) द्विगु समास

(ख) द्वंद्व समास

(ग) बहुव्रीहि समास

(घ) तत्पुरुष समास

प्र.6. निम्नलिखित <u>चार</u> प्रश्नों के रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों से कीजिए - (1x4=4)

(i) मोहन के इंजिनियर बनने की ख़ुशी में माँ ने ----------------- ।

(क) कमर कस ली

(ख) घी के दिए जलाए

(ग) आँख का तारा हो गया

(घ) खून का घूंट पिया

(ii) 'कोल्हू का बैल' मुहावरे का उचित अर्थ होगा-

(क) शक्तिशाली होना

(ख) बहुत परिश्रम करना

(ग) मूर्ख होना

(घ) क्रोध को बढ़ाना

(iii) लंबे समय के बाद मामा को देखकर रोहन ने कहा, "आप तो --------------- हो गए।"

(क) अंधे की लाठी

(ख) ईद का चाँद

(ग) नौ-दो-ग्यारह

(घ) नाक में दम करना

(iv) वज़ीर अली कर्नल की ------------ भाग गया।

(क) आँखों में आँसू आ जाना

(ख) तूती बोलना

(ग) आँखें फोड़ना

(घ) आँखों में धूल झोंककर

(v) मीराबाई पूरी उम्र श्रीकृष्ण की -------------- रही ।

(क) बाट जोहना

(ख) राह लेना

(ग) मुँह चुराना

(घ) साये से भागना

(vi) 'दबे पाँव आना' मुहावरे का अर्थ होगा-

(क) डर जाना

(ख) छुप जाना

(ग) पीछा करना

(घ) छिपकर आना

**<u>पाठ्यपुस्तक</u>**

प्र.7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1x5=5)

उसी उदार की कथा सरस्वती बखानती,
उसी उदार से धरा कृतार्थ भाव मानती।
उसी उदार की सदा सजीव कीर्ति कूजती;
तथा उसी उदार को समस्त सृष्टि पूजती।
अखंड आत्म भाव जो असीम विश्व में भरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।

(i) उपर्युक्त पद्यांश में कवि उन उदार मनुष्यों का गुणगान करता है, जो इस अनंत संसार के साथ अखंड आत्मीयता रखता है। इससे ज्ञात होता है कि कवि -------------- के पक्षधर हैं।

(क) एकता (ख) अखंडता

(ग) परोपकारिता (घ) सभी विकल्प सही हैं

(ii) कृतार्थ भाव से कवि का तात्पर्य है-

(क) किए गए उपकार को मानने वाला

(ख) किए गए उपकार को न मानने वाला

(ग) परोपकार का भाव

(घ) संसार के प्रति प्रेम भाव

(iii) उदार व्यक्ति के प्रति पृथ्वी का क्या भाव रहता है?

(क) कृतघ्नता और निंदा का

(ख) सहनशीलता और क्षमा का

(ग) कृतज्ञता और आभार का

(घ) घृणा और तिरस्कार का

(iv) वैश्विक एकता और अखंडता को नई दिशा किसके माध्यम से मिलती है?

(क) वैषमय के भाव से

(ख) उदारता के भाव से

(ग) घृणा के भाव से

(घ) परनिंदा के भाव से

(v) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़िए -

(i) जो इस संसार के साथ अखंड आत्मीयता रखता है पृथ्वी ऐसे व्यक्तियों के प्रति कृतज्ञ होती है।

(ii) सच्चा मनुष्य वह है, जो संपूर्ण मनुष्यता के लिए जीता और मरता है।

(iii) उदार चेतना से वैश्विक एकता और अखंडता को एक नई दिशा मिलती है।

(iv) महर्षि दधीचि ने योगबल से अपने अस्थि-पंजर को भी दान कर दिया।

(v) देश की बागडोर तुम्हारे हाथ में है, इसकी रक्षा करना तुम्हारा कर्तव्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(क) i, ii और iii (ख) i, iii और v

(ग) ii, iii और iv (घ) ii, iv और v

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1x2=2)

(i) 'साखी' के माध्यम से कबीर क्या संदेश देना चाहते हैं ?

(क) निंदक को अपने पास रखना चाहिए

(ख) ईश्वर सर्वव्यापक है

(ग) हमें घमंड नहीं करना चाहिए

(घ) उपर्युक्त सभी

(ii) कवि ने तालाब की तुलना किससे की है?

(क) पानी से

(ख) वायु से

(ग) दर्पण से

(घ) इंद्र से

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1x5=5)

किसी तरह रात बीती। दोनों के हृदय व्यथित थे। किसी तरह आँचरहित एक ठंडा और उबाऊ दिन गुजरने लगा। शाम की प्रतीक्षा थी। तताँरा के लिए मानों पूरे जीवन की अकेली प्रतीक्षा थी। उसके गंभीर और शांत जीवन में ऐसा पहली बार हुआ था। वह अचंभित था और साथ ही रोमांचित भी। दिन ढलने के काफ़ी पहले वह लपाती की उस समुद्र चट्टान पर पहुँच गया। वामीरो की प्रतीक्षा में एक-एक पल पहाड़ की तरह भारी था। उसके भीतर एक आशंका भी दौड़ रही थी। अगर वामीरो न आई तो? वह कुछ निर्णय नहीं कर पा रहा था। सिर्फ प्रतीक्षारत था। बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी। वह बार-बार लपाती के रास्ते पर नज़रें दौडाता। सहसा नारियल के झुरमुटों में से एक आकृति कुछ साफ़ हुई...कुछ और...कुछ और उसकी खुशी का ठिकाना न रहा।

(i) तताँरा कोई भी निर्णय क्यों नहीं कर पा रहा था?

(क) उसका हृदय व्यथित था

(ख) उसके शांत जीवन में पहली बार ऐसा हो रहा था

(ग) उसे आशंका थी कि वामीरो आएगी या नहीं

(घ) उसे पता था की वामीरो नहीं आएगी

(ii) तताँरा लपाती की समुद्री चट्टान पर क्यों गया था?

(क) पशु-पर्व में सम्मिलित होने के लिए

(ख) वामीरो से मिलने के लिए

(ग) अपने मन को शांत करने के लिए

(घ) गाँव वालों की सहायता के लिए

(iii) कथन (A) तताँरा और वामीरो एक दूसरे से प्रेम करने लगे थे

कारण (R) तताँरा और वामीरो दोनों का हृदय व्यथित हो रहा था

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन(A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ग) कथन(A) सही है, किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन(A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iv) 'उसके भीतर एक आशंका भी दौड़ रही थी।' इस पंक्ति में 'उसके' शब्द किसके लिए प्रयोग हुआ है?

(क) वामीरो के लिए　　　　(ख) तताँरा के लिए

(ग) समुद्र की लहरों के लिए　　　　(घ) इनमे से कोई नहीं

(v) 'तताँरा वामीरो कथा' किस प्रकार की कथा है?

(क) पौराणिक कथा

(ख) दंतकथा

(ग) लोककथा

(घ) लघुकथा

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1x2=2)

(1) निम्नलिखित में से कौन-से वाक्य 'बड़े भाई साहब' कहानी के आधार पर अंग्रेज़ी कैसे सीखी जा सकती है, के उपदेश को दर्शाते हैं?

(i) दिन-रात पढ़ना पड़ता है।

(ii) समय-सारणी के अनुसार पढ़ना पड़ता है।

(iii) अधिक नहीं पढ़ना पड़ता है।

(iv) गुरु से सीखना पड़ता है।

(क) केवल क　　　　(ख़) क और ख

(ग) केवल घ (घ) ख, ग और घ

(2) 'तीसरी कसम' फिल्म के नायक का क्या नाम है ?

(क) राजकपूर

(ख) ऋषि कपूर

(ग) अनिल कपूर

(घ) अमिताभ बच्चन

**<u>खंड - 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न (40 अंक)</u>**

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए- (3x2=6)

(क) रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों ? तताँरा वामीरो पाठ के आधार पर स्पष्ट करो ।

(ख) आज़ादी की पहली वर्षगांठ में महिलाओं की भूमिका महत्त्वपूर्ण रही पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'तीसरी कसम' फ़िल्म नहीं, सैल्यूलाइड पर लिखी कविता थी। पाठ के आधार पर कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए- (3x2=6)

(क) मीरा ने अपने प्रभु श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का कैसा वर्णन किया है? श्रीकृष्ण का चाकर होने पर मीरा को क्या फ़ायदे होंगे?

(ख) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर पर्वत के रूप-स्वरुप का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए।

(ग) मानव जीवन नश्वर है, मनुष्य मरणशील है, जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु निश्चित है। हमारी मृत्यु ऐसी होनी चाहिए कि मृत्यु के उपरांत भी लोग महान कार्यों के लिए याद किए जाएँ। 'मनुष्यता' कविता के आधार पर बताइए कि मनुष्य अपना जीवन किस प्रकार सार्थक बना सकता है?

13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए- (3x2=6)

(क) आज की शिक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों को अनुशासित बनाए रखने के लिए क्या तरीकें निर्धारित हैं? 'सपनों के-से दिन' पाठ में अपनाई गई विधियाँ आज के संदर्भ में कहाँ तक उचित लगती हैं? जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(ख) हरिहर काका के भाई उनकी संपत्ति के लिए जान लेने पर उतर आए हैं, तो पुलिस प्रशासन सुरक्षा देने के नाम पर उनका शोषण कर रहा है। ठाकुरबारी और महंत की गतिविधियों से उनका भी स्वार्थी व्यवहार स्पष्ट हो जाता है। "हरिहर काका एक नए शोषित वर्ग के प्रतिनिधि के रूप में दिखाई देते हैं।" इस कथन पर अपने तर्क प्रस्तुत करते हुए लिखिए।

(ग) पाठ में घटित घटनाओं के आधार पर पीटी सर की चार चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

14. निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए - (5)

(i) करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान

- निरंतर अभ्यास का महत्त्व
- विद्यार्थियों के लिए अभ्यास की उपयोगिता
- परिस्थितियों पर नियंत्रण एवं व्यक्तित्व का विकास

(ii) सफलता प्राप्ति में आत्मविश्वास की भूमिका

- आत्मविश्वास से अभिप्राय
- आत्मविश्वास का महत्त्व
- आत्मविश्वास का सफलता प्राप्ति से संबंध

(iii) विद्यार्थी जीवन

- जीवन का प्रारंभिक काल
- आदर्श विद्यार्थी के गुण
- आदर्श विद्यार्थी बनने के लाभ

15. अपने क्षेत्र की नालियों तथा सड़कों आदि की समुचित सफ़ाई न होने पर स्वास्थ्य अधिकारी को (लगभग 100 शब्दों में ) पत्र लिखिए । (5)

<u>अथवा</u>

वर्षा के कारण आपके शहर में जगह -जगह जला -भराव हो गया है | बरसात के दिनों में जल -जमाव के कारण होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए नगर -निगम अधिकारी को (लगभग 100 शब्दों में) पत्र लिखिए ।

16. आपके विद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे हर तरह की पुस्तकों पर 25% की छूट दी जाएगी। अपने प्राचार्या महोदया की ओर से 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। (4)

<u>अथवा</u>

आपके विद्यालय में एक सप्ताह के लिए 'नेत्र -चिकित्सा शिविर' लगाया जा रहा है ,जिसमें निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा , इस विषय पर 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

17. 'प्रकाश' एल.ई.डी. बल्ब बनाने वाली कंपनी की बिक्री बढ़ाने हेतु 80-100 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)

<u>अथवा</u>

उत्तम गुणवत्ता की कॉपियाँ अथवा नोटबुक्स बनाने वाले कंपनी की ओर से लगभग 80-100 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

18. 'चमत्कारी कोट' विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए- (5)

<u>अथवा</u>

आपके शहर में बढ़ रही चोरियों के संदर्भ में चिंता व्यक्त करते हुए 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।